भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *74

जिसका उत्तर दिनांक 27.06.2019 को दिया जाना है

कुडनकुलम में परमाणु अपशिष्ट पाटन केन्द्र

*74. श्री ए. विजयकुमार :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तमिल नाडु के कुडनकुलम में परमाणु अपशिष्ट पाटन केन्द्र के निर्माण का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या देश में परमाणु अपशिष्ट पाटन के लिए किसी अन्य परमाणु संयंत्र का भी चयन किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) से (ग) तक विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

****

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

"कुडनकुलम में परमाणु अपशिष्ट पाटन केन्द्र" के संबंध में श्री ए. विजयकुमार द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *74, जिसका उत्तर दिनांक 27.06.2019 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) जी, नहीं । तथापि, प्रत्येक नाभिकीय विद्युत संयंत्र में प्रचालन आरम्भ करने से पहले एक अभियांत्रिक अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ।

(ख) उपरोक्त (क) के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं ।

*****